**Regarding need to take strict action against production and smuggling of drugs in Barmer Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid**

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल **(**बाड़मेर**) :** अंतराष्ट्रीय सीमा से लगा मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है जहां नशे,अवैध हथियारों का बढ़ता कारोबार राष्ट्र सुरक्षा के लिए चिंता का विषय हैं यहां सुरक्षा को लेकर कड़े प्रबंध होने चाहिए । भारत-पाक बॉर्डर पर 10 सितंबर 2024 को खारा राठौड़ान,गंगाला सहित अन्य स्थानों पर डीआरआई मुंबई द्वारा कार्यवाही में ड्रग फैक्ट्री पकड़ी गई लेकिन मामला शांत हो गया । हर बार मामले दब जाते हैं विगत वर्षों में करोड़ों रुपए की हीरोइन,एमडी, कोकीन,गांजा,अफीम सहित अन्य मादक पदार्थ विदेशी अत्याधुनिक हथियारों के जखीरे पकड़े गए उन पर ठोस कारवाई नहीं होने से लगातार तस्करी का कारोबार बढ़ता जा रहा है । बाड़मेर,जोधपुर सहित राजस्थान के हजारों युवा नशे और अपराध के दलदल में फंसते जा रहे हैं । इस दल-दल से दूर करने, मादक पदार्थों के उत्पादन और अवैध कारोबारियों के विरूद्ध कोई ठोस कार्यवाही अमल में लाई जाए । अन्तर्राष्ट्रीय सीमा प्रतिबंधित क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर घोर लापरवाही, तस्करी, नशे के नेटवर्क के साथ जमीनों का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है जिससे और ज्यादा अवांछनीय गतिविधियाँ बढ़ने की संभावना है । सरकार नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ऑफ इंडिया सहित अन्य एजेन्सियों की विशेष टीम गठित कर संयुक्त कार्यवाही कर ड्रग माफियाओं, अवैध हथियारों के कारोबार को खत्म करे, ऐसी मेरी सरकार से विनती है ।